an>

Title: Need to apportion share of revenue generated through timber procured from the forest areas in Mandla Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh for the development of tribal areas falling under the said constituency.

**श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला) :** उपाध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मंडला (मध्य प्रदेश) की ओर दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के मंडला, डिंडोरी, शिवनी तथा नरसिंहपुर जिलों के वन की इमारती लकड़ियों से सरकार को अधिकतम राजस्व मिलता है। परन्तु वन और पर्यावरण विभाग द्वारा जो राजस्व लिया जाता है, शासन के नियमानुसार 20 प्रतिशत धनराशि उन्हीं क्षेत्रों के विकास के लिए खर्च की जानी चाहिए, परन्तु आज तक इन क्षेत्रों के करोड़ों रुपया अर्जित करने के बावजूद उपरोक्त आदिवासी क्षेत्रों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

महोदय, मैं केन्द्रीय वन मंत्री से अनुरोध करता हूं कि मध्य प्रदेश के मंडला, डिंडोरी, शिवनी तथा नरसिंहपुर जैसे आदिवासी क्षेत्रों से अर्जित धनराशि का हिस्सा आदिवासी जिलों के विकास पर खर्च किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Laxman Giluwa – not present.